# धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की जयंती, निकाली गई शोभायात्रा

## डीजे की धुन पर थिरके युवा, गूंजते रहे नारे, बाबा साहब के विचारों को जीवन में उतार कर प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें : जनार्दन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती शहर सहित जिले में धूमधाम से मनाई गयी. रैलियाँ निकाल कर तथा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने उनका नमन किया गया. जिला स्तरीय समारोह शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया गया.**





समारोह में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं तथा छात्रावास की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत तथा आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किए. मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जीवन भर मानवीय गरिमा के लिए संघर्ष किया. उन्होंने सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए शिक्षा की ज्योति जलाई. जब बाबा साहब का जन्म हुआ तब देश कई कुरीतियों और सामाजिक बुराईयों से ग्रस्त था. बाबा साहब ने कठिन संघर्ष करके उच्च शिक्षा प्राप्त की. उन्होंने विदेश जाकर डाक्टरेट की डिग्री ली. बाबा साहब ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुये अंग्रेजों से कड़ा संघर्ष किया. अंग्रेजों की भारतवासियों के आर्थिक शोषण को उजागर करने के लिए बाबा साहब ने आर्थिक विश्लेषण प्रस्तुत किया. बाबा साहब ने अपने विचारों और कार्यों से देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिदृश्य में बदलने का प्रयास किया.

विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के ज्ञान के प्रकाश से पीढ़ियाँ आलोकित हैं. मानव के विकास का आधार शिक्षा है. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम मौजूद रहे.

### उमरी में मनाई गई जयंती

अम्बेडकर जयंती का महत्व उस नेता के योगदान को मान्यता देने में निहित है जिन्होने भारतीय समाज को रूपांतरित किया. यह दिन समानता, शिक्षा और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों को याद करने का दिन है. उक्त आशय के विचार ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने सिरमौर विधानसभा के ग्राम उमरी में आयोजित 135वीं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कही. इस अवसर पर सचिव गफूर खांन शिवेन्द्र सिंह, सोमवती केवट, शांती आदिवासी, सियावती साकेत, दिलीप साकेत, उमेश साकेत, गीता कोल आदि मौजूद रही.

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा ने मनाई डॉ. अम्बेडकर की जयंती



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रतिमा के समक्ष धूमधाम से भाजपा द्वारा मनाई गई. कलेक्ट्रेट परिसर पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया. डॉ. अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद करते हुए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडर भारत के संविधान निर्माता नही, बल्कि प्रगतिशील विचारों के प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे. वे स्वतंत्र भारत के प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे. कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, पंचूलाल प्रजापति, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, अशोक सिंह गहरवार, राजेश प्रताप सिंह, मनीष पाठक, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री बृजेंद्र गौतम, श्रीमती गीता मांझी, श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया मौजूद रही.

### सामाजिक समानता के पुरोधा थे बाबा साहब

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस समाजवादी पार्टी ने पीडीए अधिकार दिवस के रूप में मनाया. जिले के अतरैला में सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के मार्गदर्शन में सपा प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव ने चौपाल लगाकर पीडीए अधिकार दिवस मनाया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव किसान नेता शिव सिंह पटेल रहे. अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल प्रदेश सचिव राजमणि यादव आदि उपस्थित रहे. सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया. सपा नेता रामकिशोर आदिवासी, सुखलाल कुशवाहा, जिला सचिव मयंक सिंह, जमुना प्रसाद यादव, रीता बौद्ध, ज्वाला सिंह मुन्नीलाल वर्मा सुखीनंद वर्मा अयोध्या प्रसाद कुशवाहा जवाहरलाल पाल आदि मौजूद रहे.

## कांग्रेस ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की पुष्पांजलि



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत में इंजी. राजेन्द्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू सहित सभी कांग्रेसजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इसके पश्चात इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजमणि पटेल, विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, विमलेन्द्र तिवारी, डॉ. एस पी एस तिवारी, कुंवर सिंह, संगठन महासचिव रवि तिवारी, गिरीश सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, सज्जन पटेल, डॉ. अरूणा तिवारी आदि मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### कमिश्नर आज वीडियो कान्फ्रेसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 15 अप्रैल को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न कार्यों की समीक्षा करेंगे. बैठक कमिश्नर के एनआईसी केन्द्र से शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित की गई है. बैठक में मातृ मृत्युदर शिशु मृत्युदर एचपीबी टीकाकरण अभियान, क्षयरोग की जांच, मातृ वंदना योजना, सिकल सेल जांच, कुपोषण पर नियंत्रण, गेंहू उपार्जन की तैयारी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की जायेगी. संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल रहेंगे.

### समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी आज से प्रारंभ होगी

**रीवा,** शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जायेगी. रीवा जिले में भी निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीदी प्रारंभ होगी. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिये हैं सीमावर्ती राज्य की सीमा में नाका लगाकर सतत निगरानी रखी जाय ताकि किसी भी स्थिति में बाहर का गेंहू जिले में विक्रय के लिए न आने पाये. उन्होंने कहा कि उपार्जन गतिविधि में किसी भी संभावित अनियमितता को रोकने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम की है अतः इस पर कड़ी निगरानी रखी जाय.

### सरेराह युवक पर जानलेवा हमला

**रीवा,** मऊगंज में बीच सड़क पर खुलेआम गुंडागर्दी का नजारा देखने को मिला है. यहां थाने से कुछ दूरी पर सीएम राइज स्कूल के सामने सड़क पर एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ, दबंगों का खुला तांडव चलता रहा और उन्हें कोई रोकने वाला नहीं रहा. मारपीट के बाद सभी युवक को बीच सड़क पर घायल अवस्था में छोड़ कर फरार हो गए. मऊगंज थाना के पास हुई इस घटना की भनक तक पुलिस को नहीं लगी. घटना बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है, युवक पर हमला किसने किया और घटना का क्या कारण था इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.

### सफाई कर्मचारी ने कचड़ा वाहन में लगाई फांसी

**रीवा,** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित पीटीएस चौराहे के पास सफाई गोदाम में कार्यरत एक सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारी महेश बक्शी ने कचरा गाड़ी के पीछे रस्सी फंसाकर फांसी लगा ली. जब अन्य कर्मचारियों की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल फांसी के फंदे से शव को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया है. मृतक के परिजनों ने सफाई कार्य कर रही निजी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. वहीं कंपनी प्रबंधन का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की उन्हें जानकारी नहीं है. फिलहाल बिछिया थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

### रोजगार मेला आज

**रीवा,** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा में 15 अप्रैल को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया है. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़िया, ओल्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात, जेके टायर्स मुरैना आदि कम्पनियां शामिल होंगी.



## अम्बेडकर जयंती पर केन्द्रीय जेल से रिहा हुए 13 बंदी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, अम्बेडकर जयंती पर इस वर्ष रीवा केंद्रीय जेल प्रशासन ने 13 बंदियों की रिहाई का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था. ये कैदी हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे. इन्होंने जेल में 14 वर्ष की सजा पूरी कर ली है और 6 साल माफी मिलाकर 20 साल की सजा पूरी हो गई है.**

शासन द्वारा बंदियों की रिहाई को मंजूरी दी गई थी जिसके बाद अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज सभी बंदियों को जेल से रिहाई दी गई है. जेल में उन्होंने जो काम सीखा है वह बाहर उनके जीविकापर्जन कर सहारा बनेगा. जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि बंदियों को रिहाई प्रमाण पत्र और जेल में कमाए गए रुपए की पासबुक प्रदान की गई है. इसके साथ ही जेल से बाहर निकलने के बाद उनके स्वरोजगार के लिए संबंधित जिला कलेक्टर और जिला पंचायतों को पत्र लिखा गया है ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके और परिवार के साथ जीवन यापन कर सकें. बंदियों की रिहाई के दौरान पहुंचे परिजनों की आंखे छलक उठी. अपना से मिलते ही परिजनों ने उन्हे गले लगा लिया. इस दौरान बंदियों के चेहरे में खुशी दिखी.



## एयरपोर्ट के विस्तार में शामिल जमीनों की खरीद पर लगी रोक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, रीवा एयरपोर्ट के विस्तार का मास्टर प्लान मंजूर करते हुए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है. एयरपोर्ट के विस्तार के लिए ग्राम उमरी और चोरहटा की 140 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है.**

इस जमीन की खरीद विक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने प्रतिबंध के आदेश दिए है. इस संबंध में एसडीएम डॉ. तिवारी ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट के विस्तार के प्रस्ताव को भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा मंजूर कर लिया गया है. इसके सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है.

सर्वेक्षण शुरू होने के बाद ग्राम उमरी और चोरहटा की जमीनों की खरीद विक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर रोक लगाई गयी है. मुआवजे में अतिरिक्त राशि व्यय होने को रोकने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है.

## अग्नि सुरक्षा दिवस के अवसर पर फायर मॉक ड्रिल

नवभारत न्यूज


**रीवा, 14 अप्रैल, नगर निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत झिरिया फायर स्टेशन के समीप अग्नि सुरक्षा दिवस के अवसर पर फायर ऑफिसर दीपक सिंह तोमर की उपस्थिति में जागरूकता एवं प्रशिक्षण आधारित फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया.**

मॉक ड्रिल के दौरान फायर ऑफिसर द्वारा उपस्थित नागरिकों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. उन्होंने बताया कि आग की घटनाओं में घबराने के बजाय संयम बनाए रखते हुए सही जानकारी के साथ त्वरित कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर, विद्युत उपकरणों एवं अन्य संभावित आग के स्रोतों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर विशेष रूप से जानकारी दी गई. साथ ही नगर निगम की फायर टीम द्वारा आग पर नियंत्रण पाने के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन किया गया तथा अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, आग बुझाने की तकनीकों एवं प्राथमिक बचाव उपायों को विस्तार से समझाया गया.इस अवसर पर रेस्क्यू ऑपरेशन का लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें प्रदर्शित किया गया कि आपदा की स्थिति में फायर टीम किस प्रकार त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाती है.फायर ऑफिसर दीपक सिंह तोमर ने बताया कि अग्नि सुरक्षा केवल फायर विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है. उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घरों, संस्थानों एवं कार्यस्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने तथा अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की.

## जनगणना को लेकर बैठक में हुई तैयारियों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर 14 अप्रैल को नगर निगम रीवा के मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में फील्ड ट्रेनर्स एवं जोनल चार्ज जनगणना अधिकारियों की उपस्थिति रहे. बैठक नगर जनगणना अधिकारी प्रकाश द्विवेदी द्वारा ली गई, जिसमें प्रशिक्षण की तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई. जनगणना के अतिमहत्वपूर्ण कार्य दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं. बैठक में जानकारी दी गई कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण तीन बैचों में आयोजित किया जाएगा. प्रथम बैच का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा. प्रशिक्षण जीडीसी कॉलेज रीवा के कक्ष क्रमांक 01, 02, 03, 04 एवं 05 में आयोजित है. प्रशिक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं एवं फील्ड में कार्य करने की विधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी. बैठक में अधिकारी मौजूद रहे.

## खेत की नरवाई जलाने लगाई आग ने लिया विकराल रूप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, गर्मी शुरू होने के साथ ही खेतो में आगजनी की घटनाएं सामने आने लगी है. कही नरवाई जलाने से तो कही अज्ञात कारणों से आग लग रही है.**

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के चोरगड़ी गांव में अचानक खेत में आग लग गई. बताया गया है कि ग्रामीणों ने खेत काटने के बाद नरवई जलाने के लिए आग लगाई थी जो तेज हवा के चलते फैलने लगी और आग ने लिया विकराल रूप ले लिया. जिसके बाद सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई.

सूचना के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा और खेत में लगी आग पर काबू पाया. ग्रामीणों ने बताया कि जिस तेजी से आग की लपटे फैल रही थी उससे कुछ ही देर में गेहूं की खड़ी फसल तक आग के लपेटे पहुंच जाती है और एक बड़ा घटनाक्रम हो जाता. बताया गया है कुछ ग्रामीणों द्वारा नरवाई जलाने के लिए आग लगाई गई थी जो तेज हवा के चलते फैलती चली गई समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है जिससे एक बड़ी घटना टल गई है.

## मेरी पत्नी बेवफा है, वीडियो वायरल करने के बाद मिली पति की लाश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 अप्रैल, मेरी पत्नी बेवफा है ससुराल वाले उसका पक्ष लेते हैं और मेरी मौत का कारण मेरे सास-ससुर होगे जो मुझे प्रताड़ित करते हैं.**

यह शब्द कहने के बाद पति ने वीडियो वायरल किया और संदिग्ध हालत में उसकी लाश एक खेत में मिली. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र घोघर पचमठा चौराहे के पास रहने वाला चंदन कुमार पासी रविवार को अपने बच्चों से मिलने ससुराल रायपुर कर्चुलियान के लिए निकला था और सोमवार को अज्ञात हालत में चंदन की लाश मिली. सोमवार की सुबह सीतापुर मोड रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में शव खेत में पड़ा हुआ था जिसकी पहचान न होने के बाद पुलिस ने उसे संजय गांधी अस्पताल में रखवाया था. सभी थानों में जानकारी लेने पर मृतक की पहचान चंदन कुमार पासी के रूप में की गई, परिजनों ने बताया कि वह अपने पत्नी और ससुराल वालों से काफी परेशान था इस दौरान एक वीडियो वायरल हुआ जो मरने से पहले चंदन कुमार पासी ने बनाया था. वीडियो में मृतक ने बताया कि उसकी पत्नी बेवफा ही और ससुराल वाले उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं मृतक ने यह भी कहा कि यदि उसकी मौत होती है तो इसका कारण उसकी सास और ससुर को माना जाए. इधर चंदन का शव बरामद होने के बाद परिजनों का आरोप है कि उसकी पत्नी और सास-ससुर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था. तरह-तरह की धमकियां भी दी जाती थी. जब वह पत्नी से घर आने को कहना था तो ससुर एवं साले उसे जान से मारने की धमकी देते थे. हालांकि मृतक ने जो वीडियो वायरल किया है उसे तो यही पता चलता है कि पत्नी और बच्चों के वियोग में चंदन ने आत्महत्या की है. फिलहाल अभी इस पूरे मामले में मायके एवं ससुराल पक्ष का बयान भी पुलिस के द्वारा लिया जा रहा है.

### जिले में पर्याप्त मात्रा में हैं एंटी रेवीज इंजेक्शन

**रीवा, 14 अप्रैल,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया है कि रीवा जिले में रेवीज रोग के बचाव के लिए एंटी रेवीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है. जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह इंजेक्शन उपलब्ध है. इंजेक्शन के एक वायल से कुत्ता काटने से पीड़ित व्यक्तियों को इंजेक्शन लगाये जा सकते है.